**हड़कंप** पानी की किल्लत, स्थायी सीएमओ का अभाव और नगर की बिगड़ी व्यवस्थाओं को लेकर अनोखे अंदाज में जताया विरोध

# पानी की टंकी पर चढ़ा युवक, तीन घंटे बाद उतारा गया



**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह.** तेंदूखेड़ा नगर में पेयजल संकट और नगर परिषद की अव्यवस्थाओं से परेशान एक व्यक्ति सोमवार को पानी की टंकी पर चढ़ गया. घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन और पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया.

सूचना मिलने पर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा व्यक्ति को समझाने का प्रयास शुरू किया.बताया जा रहा है कि नगर में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ है. कई वार्डों में नियमित रूप से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इसके अलावा नगर परिषद में स्थायी मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) का अभाव और अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं की बदहाली को लेकर लोगों में नाराजगी व्याप्त है.

### समझाइश देकर उतारा गया नीचे

करीब तीन घंटे तक चले समझाइश और आश्वासन के बाद संबंधित व्यक्ति टंकी से नीचे उतरने को तैयार हुआ. अधिकारियों ने उसकी समस्याएं सुनकर उचित कार्रवाई और संबंधित मुद्दों के समाधान का आश्वासन दिया.घटना के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ मौके पर एकत्रित हो गई थी.

### क्षेत्रीय वासियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

नगरवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही पानी की समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन करेंगे.नगर में स्थाई सीसीएम नहीं है, वर्तमान में दमोह के सीएमओ को तेंदूखेड़ा का अतिरिक्त प्रभार दिया है. न वह तेंदूखेड़ा आते हैं न लोगो के फोन उठाते है. वार्ड नो के लोगों ने आरोप लगाया है कि पांच दिन से पानी नहीं मिला है. आसपास कोई जल स्त्रोत भी नहीं है,जिससे पानी की पूर्ति कर सके. टंकी पर चढ़े व्यक्ति का नाम रंजीत रजक है.

### पांच दिनों से पानी नहीं मिलने पर फूटा आक्रोश

उनका आरोप है कि बीते पांच दिन से पयेजल योजना में पानी नहीं आ रहा. शिकायत करते हैं परन्तु कोई सुनता नहीं है. दिन भर शासकीय कार्यलय में सेवा देने के बाद ज़ब रात में घर आते हैं. तो परिवार के सदस्य पानी न होने से विवाद करते है. कोई दूसरा उपाय नहीं था, इसलिए टंकी पर चढ़ गया था.टंकी पर चढ़े व्यक्ति ने कूदकर आत्म हत्या की धमकी दी. बड़ी सख्या में वार्डवासी भी मोके पर पहुंच गये. तेंदूखेड़ा के पूर्व एसडीओपीडी एस ठाकुर, तेंदूखेड़ा टीआई आरआर बागरी, नायब तहसीलदार चंदशेखर शिल्पी के साथ नर्मदा लाइन के कर्मचारी और उपयंत्री जल प्रभारी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने काफ़ी आश्वासन दिया, किन्तु टंकी पर चढ़ा व्यक्ति नहीं उतरा उसके बाद रात्रि ग्यारह बजे तेंदूखेड़ा एसडीएम स्वयं पहुंचे उन्होंने आश्वासन दिया, उसके बाद व्यक्ति नीचे उतरा. सूत्रों की माने तो टंकी पर चढ़ा व्यक्ति पानी से परेशान था. इसलिए उसने शराब पी ली थी जैसे ही नशा उतरा वह उतर आया तेंदूखेड़ा एसडीएम सीजी गोस्वासी का कहना है पानी की परेशानी के कारण व्यक्ति टंकी पड़ चढ़ गया था. समझाईस दी मोके पर मौजूद लोगों ने बात की व्यक्ति ग्यारह बजे उतर आया था.

### एसडीएम ने की अपील

इस अवसर पर एसडीएम ने लोगों से अनुरोध किया कुछ दिन और समस्या है. इसलिए पानी का सद उपयोग करें. व्यर्थ पानी न बहायें उन्होंने नगर परिषद के कर्मचारियों को भी निर्देश दिये है. कि जिन जगहों पर पानी सप्लाई से नहीं जा पा रहा वहां अ अविलंब व्यवस्था की जाए।



# बारिश से किसानों की फसलों को हुआ नुकसान



**नवभारत, पथरिया।** देश की ज्यादातर आबादी अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है और सरकारों द्वारा न तो किसानों के लिए समय और सुगमता से खाद, बीज़, दवाइयाँ, यन्त्र उपलब्ध होते है और न कृषि उपज मंडीयों में किसानों की फसले अच्छे दामों पर बिकती है।

बताया जाता है कि पथरिया कृषि उपज मंडी प्रबंधन हमेशा से ही नाकामियों और मनमानियाँ से भरा पूरा रहा है,लेकिन कुछ व्यापरियों की मनमानी और प्रबंधन के ढीले रवैये से कुछ व्यापारियों का माल कई दिनों तक सेटो पर रखे रहने से किसान अपनी फ़सल खुले आसमान के नीचे रखने को मजबूर है कल बुधवार को करीब 25 से 30 मिनिट की बारिश से किसानों की फसले गीली हो गई एवं नीलमी प्रक्रिया के बाद व्यापारी कभी गीली फ़सल नहीं लेते और किसानों का काफी नुकसान हुआ जिससे वह बहुत चिंतित नजर आए और उन्होंने अपनी व्यथा प्रकट की।

**इनका कहना है**

मेरे द्वारा आज पांच-छ: व्यापारियों को नोटिस दिए गए हैं और सेटों से माल भी उठवा रहे हैं।

**रमेश अहिरवार, प्रभारी सचिव, कृषि उपज मंडी समिति पथरिया**

## एक नजर में




### प्रमोद बने भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष

**नवभारत,दमोह।** भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा घोषित नई नियुक्तियों के तहत पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद पर प्रमोद विश्वकर्मा की नियुक्ति की गई है। यह घोषणा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार द्वारा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे की अनुशंसा पर की गई।प्रमोद विश्वकर्मा की नियुक्ति से जिले के ओबीसी समाज एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। नियुक्ति की घोषणा के बाद भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रमोद विश्वकर्मा का माला पहनाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया तथा शुभकामनाएं प्रेषित कीं। प्रमोद विश्वकर्मा छात्र राजनीति से उभरकर भाजपा संगठन में अपनी पहचान बनाने वाले युवा नेता हैं।



### सिकल सेल एनीमिया की नि :शुल्क जांच की गई

**नवभारत,दमोह।** वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस के अवसर पर ग्राम सिंग्रामपुर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में लगाए गए विशेष स्वास्थ्य शिविर में सिकल सेल एनीमिया व टी.बी. की नि:शुल्क जांच एवं जागरूकता गतिविधि आयोजित की गयी। इस दौरान प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश राय व सीबीएमओ जबेरा विशेष रूप से मौजूद रहे।इस विशेष शिविर में जिला चिकित्सालय से पहुँचे एक स्वास्थ दल ने 30 लोगों की सिकल सेल एनीमिया संबंधी जांच की गई वहीं प्रारंभिक स्वास्थ्य परीक्षण में टी.बी. की आशंका वाले 15 लोगों का एक्स-रे किया गया, जिसमें 2 पॉजीटिव टीबी मरीज की पुष्टि हुई। शिविर दौरान सिकल सेल एनीमिया एवं टी.बी. रोग के लक्षण, बचाव एवं समय पर जांच के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त किया।




### जैन समाज ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,दमोह.** जैन धर्म की परम पवित्र व अहिंसा की प्रतीक पिच्छिका के संबंध में पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी द्वारा लगाए गए कथित मिथ्या व आपत्तिजनक आरोपों तथा देश के विभिन्न स्थानों पर जैन संतों व तीर्थों पर हो रहे हमलों के विरोध में बुधवार को दमोह का जैन समाज एकजुट होकर सड़कों पर उतरा. भारतीय जैन मिलन एवं सकल जैन समाज दमोह के तत्वावधान में प्रतिनिधिमंडल ने रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में मुख्य रूप से मेनका गांधी के विरुद्ध धार्मिक भावनाओं को आहत करने व समाज में वैमनस्य फैलाने के आरोप में आपराधिक प्रकरण दर्ज करने तथा जैन संतों व तीर्थ स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई. धर्म रक्षा के इस अभियान में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### बाइक पर पेड़ गिरने से युवक की मौत

**नवभारत, तेंदूखेड़ा/दमोह।** तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत दरोली के समीप चलती मोटरसाइकिल पर पेड़ गिरने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि पिता सुरक्षित बताए गए है.मृतक युवक सामनापुर माध्यमिक शाला में पदस्थ प्रधान अध्यापक फूलसींग लोधी के पुत्र हैं.घटना की सूचना मिलते ही तेंदूखेड़ा एसडीएम श्री गोस्वामी और तहसीलदार डॉक्टर विवेक व्यास मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया.






# देर रात गढ़ी मोहल्ला से निकली सवारी

▶ कलेक्टर-एसपी के निर्देशन में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**नवभारत, दमोह।** मजहबे इस्लाम का मुख्य पर्व मुहर्रम शहर और जिले भर में 17 जून से 26 जून तक आयोजित किया जा रहा है.शहर अध्यक्ष शहजाद खान ने बताया कि दमोह शहर में भी परंपरागत रूप से यह पर्व मनाया जा रहा है, जिसके तहत 10 दिन तक धार्मिक कार्यक्रम चल रहे हैं। 24-25 जून,बुधवार-गुरुवार की रात को शहर के स्थानीय गढ़ी मोहल्ला से रात 12 बजे सवारी का आयोजन प्रारंभ हुआ। यह सवारी गडरयाऊ मोहल्ला, पठानी मोहल्ला, महाकाली चौराहा, बड़ा पुल, नया बाजार, घंटाघर टाकीज चौराहा, पुराना थाना से होते हुए अपने प्रारंभ स्थल गढ़ी मोहल्ला में समापन हुआ। इसी को लेकर दमोह कलेक्टर प्रताप नारायण यादव और पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस- प्रशासनिक व्यवस्थाएं लगाई गई हैं.दमोह शहर के चौराहा-तिराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है. सीएसपी एचआर पांडे, टीआई कोतवाली मनीष कुमार,टीआई रचना मिश्रा,सब इंस्पेक्टर नीतीश जैन सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा.

# कनिष्ठ अभियंता 2 हजार की रिश्वत लेते ट्रैप, मीटर रीडर भी गिरफ्तार

▶ आरओ वाटर प्लांट संचालक से मीटर लोड बढ़ाने और कार्रवाई से बचाने के नाम पर मांगी थी राशि



**नवभारत, हटा/दमोह.** हटा स्थित बिजली विभाग कार्यालय में गुरुवार दोपहर सागर लोकायुक्त की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कनिष्ठ अभियंता राजेश सहाय को 2 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया. इस कार्रवाई के दौरान मामले में संलिप्त एक मीटर रीडर संदीप पटेरिया को भी हिरासत में लिया गया.

लोकायुक्त की इस कार्रवाई से बिजली विभाग में हड़कंप मच गया.जानकारी के अनुसार, फरियादी इंद्रकुमार पटेल,जो उपकाशी मिनरल वाटर आरओ प्लांट के संचालक हैं, उनसे उनके प्लांट में लगे बिजली मीटर का लोड बढ़ाने के एवज में रिश्वत मांगी जा रही थी. आरोप है कि कनिष्ठ अभियंता राजेश सहाय ने मीटर का लोड कम होने का हवाला देकर कार्रवाई करने की बात कही और मामला दबाने के बदले 7 हजार रुपये की मांग की.फरियादी के अनुसार, पैसे नहीं देने पर उनके खिलाफ 1 लाख रुपये का केस बनाकर कार्रवाई करने की धमकी भी दी जा रही थी. पीड़ित ने बताया कि वह पहले ही 6 हजार रुपये राजेश सहाय को दे चुका था, लेकिन इसके बावजूद लगातार और पैसों की मांग की जा रही थी.रिश्वत से परेशान होकर इंद्रकुमार पटेल ने सागर लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई.शिकायत के साथ उन्होंने रिश्वत मांगने से संबंधित रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध कराई. शिकायत का सत्यापन कराने के बाद लोकायुक्त ने ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई.गुरुवार को लोकायुक्त इंस्पेक्टर रंजीत सिंह निरीक्षक रोशनी जैन व लोकायुक्त दल के नेतृत्व में टीम हटा पहुंची.पूर्व निर्धारित योजना के तहत फरियादी 2 हजार रुपये की पहली किश्त लेकर बिजली कार्यालय पहुंचे. जैसे ही राजेश सहाय ने रिश्वत की राशि ली, पहले से तैनात लोकायुक्त टीम ने उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया.लोकायुक्त इंस्पेक्टर रंजीत सिंह ने बताया कि जांच के दौरान आउटसोर्स कर्मचारी मीटर रीडर संदीप पटेरिया की भूमिका भी सामने आई है, जिसके आधार पर उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है.

# बेटी की शादी का निमंत्रण देने गया पिता हादसे का शिकार

▶ अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, हुई मौत

**नवभारत, तेंदूखेड़ा/दमोह.** तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के नरगुवां टेक के समीप दूसरे दिन भी एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, इसमें एक व्यक्ति की जान चली गई. खोजबीन में पता चला व्यक्ति अपनी बेटी की शादी का निमंत्रण देने घर से गया था और रात्रि में अपनी मोटर साइकिल से वापिस घर लौट रहा था. जिसको अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से इसकी मौत हो गई.घटना की सूचना के बाद तेंदूखेड़ा पुलिस और 108 वाहन मोके पर पहुंचे शव को उठाकर लगाये.दिन निकलने के बाद पुलिस ने अज्ञात शब की खोजबीन शुरू की, तो पता चला.



मृतक व्यक्ति गाड़ाघाट थाना पाटन जिला जबलपुर का निवासी है. घर से बेटी की शादी का निमत्रण देने गये थे.रात्रि में घायल वापिस नहीं आये बेटी की बारात 28 जून को आने वाली थी और घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं.इसी बीच नरगुवा टेक के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और उनकी मौत हो गई.

तेंदूखेड़ा थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक महेश ठाकुर ने बताया बुधबार की रात्रि साढ़े बारह से एक बजे घटना की सूचना मिली थी. पुलिस और 108 वाहन ने मौके पर पहुंचकर घटना में मृतक पड़े व्यक्ति को उठाकर तेंदूखेड़ा नगर के शवगृह मे रखबाया था.सुबह मोटर साइकिल ने नम्बर को सर्च किया उसके खरीददार की खोज की गई, तो मृतक व्यक्ति की पहचान रामबाहदुर आदिवासी गाड़घाट के रूप मे हुई. परिजनों के आने के बाद शव का पंचनामा बनाया गया और पोस्टमार्टम उपरात शब परिजनों को सौंपकर टक्कर मारने वाले वाहन की खोजबीन शुरू कर दी है.

**शादी की खुशी बदली मातम में**

मृतक के भाई रामस्वरूप आदिवासी ने बताया मृतक उनके बड़े भाई रामबहादुर पिता कल्लू आदिवासी है जिनकी उम्र 46 वर्ष है.वुधबार के सुबह शादी का निमत्रण देने के लिए घर से गये थे उनकी भतीजी की 28 जून को बारात आने बाली थी.रात मे बड़े भाई घर नहीं आये हमलोगो ने सोचा वह किसी रिस्तेदार के घर रुक गये होगें. घर में शादी की तैयारी चल रही है. किन्तु गुरुबार के सुबह घटना की सुचना मिलने के बाद पूरी खुशी मातम मे बदल गई.मामले में सबसे बड़ी देखने वाली बात यह रही कि मंगलवार की सुबह जिस जगह दो मोटर साइकिल भिड़ी थी.उसी जगह से कुछ ही दुरी पर यह घटना हुई है.



# ट्रकों की टक्कर में दो घायल

**नवभारत, दमोह.** बटियागढ़ बक्सवाहा मार्ग पर सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे.बटियागढ़ थाना क्षेत्र के नीमन तिराहा के पास दो ट्रकों की आमने-सामनेटक्कर हो गई.हादसे में दोनों ट्रकों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें बटियागढ़ स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया.जानकारी के अनुसार एक ट्रक निवाड़ी से दमोह की ओर आ रहा था जबकि दूसरा ट्रक दमोह से छतरपुर की ओर जा रहा था.टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ट्रकों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और चालक केबिन में फंस गए.घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस और डायल-112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बटियागढ़ पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल दमोह रेफर कर दिया गया.



# निर्धारित से अधिक दाम में दिया यूरिया

▶ कलेक्टर से किसान ने की शिकायत

**नवभारत, जबेरा 25 जून।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने जबेरा मण्डी खाद वितरण केंद्र और जबेरा समिति पहुॅचकर खाद वितरण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने किसान भाईयो से चर्चा भी की और उनकी बाते व समस्याएं भी सुनीं।

आकस्मिक जांच में समिति के एक किसान ने बताया कि उसे यूरिया ग्राम रोड़ में प्राईवेट डीलर द्वारा निर्धारित दर से अधिक में प्रदाय किया गया है. कलेक्टर यादव ने नायब तहसीलदार साहू को मौके पर भेजकर कार्यवाही के निर्देश दिए। किसान अरविंद सिंह ने बताया कि उसे यूरिया 350 रूपये में दिया गया है। किसानों ने बताया कियोस्क में किसानों से निर्धारित 15 रूपये की जगह 50 रूपये वसूल किये जा रहे है.

### फ्लैक्स लगाने के दिए निर्देश

कलेक्टर यादव ने गर्वनेंस मैनेजर से तत्काल दूरभाष पर कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों से कहा कि सभी मण्डियों, सहकारी समितियों और कृषि कार्यालयों में नि:शुल्क टोकन प्रदाय किये जायेंगे, किसान भाई इस व्यवस्था का लाभ उठायें। कलेक्टर ने सभी समितियों, मण्डी में इस आशय का फ्लैक्स लगवाने के निर्देश दिए।

**खुलासा** अंधे कत्ल का खुलासा, 4 आरोपी गिरफ्तार

# थप्पड़ मारने के विवाद पर कर दी गई थी युवक की हत्या

**नवभारत, दमोह.** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हिंडोरिया और तेंदूखेड़ा में हुई हत्या की गुत्थी सुलझाई है. थाना हिण्डोरिया पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि वार्ड क्रमांक-7 हिण्डोरिया स्थित अब्दुल रज्जाक के किराये के मकान के एक कमरे में एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा हुआ है. सूचना पर थाना हिण्डोरिया पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची.

मौके पर मृतक की पहचान बुच्ची उर्फ आमिर खान पिता निसार खान उम्र 28 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक -7 हिण्डोरिया के रूप में हुई.घटना स्थल निरीक्षण के दौरान मृतक के दोनों पैरों की जांघों पर चाकू के गंभीर घाव व शरीर पर खून के निशान पाए गए.घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा एफ.एस.एल. टीम द्वारा वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रित किए गए. मृतक के भाई इरशाद खान की रिपोर्ट पर थाना हिण्डोरिया में



अपराध क्रमांक 211/26 धारा 103(1) बी.एन.एस. के तहत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई.

प्रकरण की विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा मृतक के घटना से पूर्व के संपर्कों, गतिविधियों व घटनास्थल के आसपास लगे तकनीकी साक्ष्यों का बारीकी से परीक्षण किया गया. जांच में सामने आया कि घटना की रात्रि गोप तलैया के पास मृतक बुच्ची खान का रामजी लोधी, पवन ठाकुर, शेर खान व चंदन सिंह के साथ विवाद हुआ था. विवेचना के दौरान प्राप्त परिस्थितिजन्य साक्ष्य, प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उक्त व्यक्तियों को संदेह के आधार पर अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई. पूछताछ में आरोपियों द्वारा घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया. आरोपियों ने बताया कि मृतक बुच्ची खान व रामजी लोधी के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी. 22 जून 2026 की रात्रि विवाद के दौरान मृतक द्वारा रामजी लोधी को थप्पड़ मारकर अपमानित किया गया था. इसी बात से नाराज होकर आरोपियों ने आपस में योजना बनाकर रात्रि करीब 1 बजे मृतक के कमरे पर पहुंचकर हमला किया. आरोपी रामजी लोधी द्वारा चाकू से वार कर बुच्ची खान की हत्या करना बताया गया.पुलिस द्वारा आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन व अन्य साक्ष्य जप्त किए जाने संबंधी व गिरफ्तारशुदा आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश किए जाने संबंधी कार्यवाही की जा रही है.पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया व एसडीओपी महोदया सुश्री प्रिया सिंधी के निर्देशन में थाना प्रभारी हिण्डोरिया निरीक्षक धर्मेन्द्र उपाध्याय, उप निरीक्षक धर्मेन्द्र गुर्जर, हिण्डोरिया थाना टीम व साइबर सेल टीम दमोह की महत्वपूर्ण भूमिका रही.